समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# वेस्ट एशिया मे शांति के बीच शेयर बाजार मे तेजी, सेसेंक्स 140 अंक चढ़ा | Akzo Nobel के शेयरों मे 7% उछाल।

Publisher Published on 27 Jun 2025



## भूराजनीतिक तनावों मे राहत, डॉलर मे गिरावट और विदेशी निवेश के चलते शेयर बाजार मे बंना तेजी का माहौल ; JSW-Akzo Nobel डील से पेटं सेक्टर मे हंलचल।

### बाजार मे चौथे दिन लगातार तेजी

**शेयर मार्केट अपडेट : पश्चिम एशिया (वेस्ट एशिया)** में सीजफायर के बाद बनी **शांति** और **अमेरिकी फेडरल रिजर्व** की दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन तेजी देखने को मिली। **बीएसई सेसेंक्स आज 140 अंकों** की उछाल के साथ **83,844.93** के स्तर पर कारोबार करता नजर आया, जबकि **एनएसई निफ्टी-50 भी 25.35 अंक** चढ़कर **25,574.35** पर खुला।

### Akzo Nobel के शेयरों मे 7% की जबरदस्त तेजी

**जेएसडब्ल्यू पेट्ंस** और **Akzo Nobel** के बीच हुए हिस्सेदारी खरीद समझौते की खबर के बाद **Akzo Nobel** के शेयरों में **7%** की तेज़ी आई। यह डील **प्रति शेयर 2762.50 रुपये** के मूल्य पर हुई, जिसकी कुल वैल्यू लगभग **₹9,400 करोड़** बताई जा रही है। इससे निवेशकों का रुझान इस स्टॉक की ओर बढ़ा है।

### विदेशी निवेश और डॉलर मे गिरावट से मिला समर्थन

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के **चीफ इन्वेस्टमेटं स्ट्रैटजिस्ट डॉ. वीके विजय कुमार** ने बताया कि **डॉलर मे गिरावट** और

रुपये की मजबूती ने भी **भारतीय बाजार** में सकारात्मक माहौल बनाया है। गुरुवार को **विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने ₹12,594 करोड़** का निवेश किया, जिससे मार्केट सेंटीमेंट को अतिरिक्त समर्थन मिला।

### वैश्विक बाजारों का भी रहा सकारात्मक असर

**एशिया-पैसिफिक** बाजारों में भी शुक्रवार को मजबूती देखने को मिली। **जापान का निक्केई इंडेक्स 1.22%** और **टॉपिक्स 1.1%** चढ़ा, जबकि **कोरिया का कोस्पी** और **ऑस्ट्रेलिया का ASX200 भी 0.4%** तक ऊपर बंद हुआ। **अमेरिका के S&P 500 मे 0.8%, नैस्डैक मे 0.97%** और **डाउ जोंस मे 404.41** अंकों की बढ़त रही।

### एक दिन पहले सेसेंक्स ने लगाई थी 1000 अंकों की छलांग

गुरुवार को **भू-राजनीतिक** तनावों में राहत के चलते **सेसेंक्स मे 1000 अंकों** और **निफ्टी मे 304 अंकों** की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई थी। **रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड** के **वाइस प्रेसिडेटं रिसर्च अजित मिश्रा** ने कहा कि मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन वैश्विक संकेतों के चलते मार्केट ने बढ़िया परफॉर्म किया। चुनिंदा बड़ी कंपनियों में हुई खरीदारी ने इस बढ़त को और मज़बूती दी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.